Email - sonekikalam@gmail.com
आर.एन.आई. रजि. नं. 52089/91

# सोने की कलम

प्रधान सम्पादक – चेतन गन्धे , 9893157809
www.sonekikalamnews.com

वर्ष - 33 अंक - 44 (साप्ताहिक, प्रत्येक गुरुवार) इन्दौर, 12 दिसम्बर से 18 दिसम्बर 2024 मूल्य 1 रुपये पृष्ठ 4

## शिक्षा की परंपरा से प्रदेश व उज्जैन का बहुत पुराना नाता

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव कालिदास अकादमी में अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव में शामिल हुए




**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बाबा श्री महाकाल की नगरी उज्जैन, जो सदा से ही धार्मिक और आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बिन्दु है, आज श्रीमद्भगवद्गीता के पाठ से और अधिक भव्य, दिव्य और ऊर्जामयी लग रही है। अर्जुन को माध्यम बनाकर मुक्ति के तीनों मार्गों – भक्तियोग, ज्ञानयोग और कर्मयोग की गूढ़ता को स्पष्ट रूप से समझाने के लिए मोक्षदा एकादशी के दिन ही कुरूक्षेत्र में भगवान श्रीकृष्ण ने अपना विराट स्वरूप प्रकट किया था और श्रीमद्भगवद्गीता के रूप में ज्ञान का संदेश दिया। वेदों का सार उपनिषदों में है और उपनिषदों का निचोड़ श्रीमदभगवद्गीता में है। इस लिहाज से विश्व की प्राचीनतम और समृद्धतम आध्यात्मिक ज्ञानकोष का क्रैशकोर्स है श्रीमदभगवद्गीता। आजकल धर्म का अर्थ केवल पूजा-पद्धति से जोड़ा जाता है, लेकिन सनातन संस्कृति में धर्म का वास्तविक अर्थ था आदर्श आचरण संहिता।

## भारी बारिश के पूर्वानुमान, तमिलनाडु के इन 11 जिलों में स्कूल बंद, IMD ने जारी किया अलर्ट

**नईदिल्ली।** गुरुवार को भारी बारिश की आशंका के चलते तमिलनाडु के 11 जिलों में सभी स्कूल बंद रहेंगे। चेन्नई, विल्लुपुरम, तंजावुर, मयिलादुथुराई, पुदुक्कोट्टई, कुड्डालोर, डिंडीगुल, रामनाथपुरम, तिरुवरुर, रानीपेट और तिरुवल्लूर जिलों के स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। इस बीच, आज सुबह थूथुकुडी के कुछ हिस्सों में बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने तमिलनाडु के कई जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने वेल्लोर, पेरम्बूर, सेलम, नमक्कल, शिवगंगा, मदुरै और डिंडीगुल में हल्की गरज के साथ मध्यम बारिश के लिए येलो अलर्ट भी जारी किया। मौसम विभाग ने अपनी नवीनतम विज्ञप्ति में कहा कि थूथकुडी, तेनकासी और तेनी जिलों में हल्की बारिश होने की संभावना है।

## रीवा में ओवर ब्रिज से टकराई बस, दो लोगों की मौत




**रीवा। बुधवार-गुरुवार की दरमियां ने रात तकरीबन 1 बजे प्रयागराज से सूरत जा रही अजय एयरलाइंस की बस अचानक समान थाना क्षेत्र अंतर्गत बने ओवर ब्रिज से जा टकराई। उक्त दुर्घटना में जहां दो लोगों की मौत हो गई है।**

हादसे में आधा दर्जन लोग घायल बताए जा रहे हैं। नईदुनिया से बातचीत करते हुए सामान थाना प्रभारी विकास कपीश ने बताया है कि मृतकों में दो पुरुष शामिल है। जिनकी पहचान नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि प्रयागराज से बस क्रमांक एआर 20 0928 सूरत जा रही थी। मौके पर से ड्राइवर और कंडक्टर दोनों फरार हो गए हैं। पुलिस ने जहां इलाज के लिए घायलों को संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया है। वही मौके पर से शव का पंचनामा दर्ज कर शव पीएम के लिए संजय गांधी अस्पताल पर रखवाया है। शव के शिनाख्त के लिए बस मालिक से संपर्क कर बुकिंग पेपर मांगे जा रहे हैं। जिससे मृतकों की पहचान की जा सके।

### नक्सल मामले से जुड़े दो लोगों के घर एनआईए ने मारा छापा

**सुकमा।** नक्सल मामले से जुड़े हुए दो लोगों के घर मे एनआईए ने छापा मारा है। एनआईए की टीम सुबह से दोनों के घर मे छानबीन कर रही है। जिसमें एक को 25 सितंबर के दिन स्थानीय पुलिस ने नक्सल मामले में गिरफ्तार किया था। उसके बाद एनआईए की टीम लगातार पूछताछ कर रही थी।






# संपादकीय

## युवक-युवति परिचय सम्मेलन का आयोजन करना है अत्यंत लाभकारी


चेतन गन्धे
9893157809
सम्पादक

समाज में पारिवारिक और सामाजिक संबंधों की नींव को मजबूत करने के लिए युवक-युवति परिचय सम्मेलन का आयोजन एक अत्यंत लाभकारी कदम साबित हो सकता है। यह सम्मेलन न केवल समाज के युवाओं को एक मंच पर लाकर उन्हें जीवनसाथी के चयन में मार्गदर्शन देता है, बल्कि इससे समाज में सकारात्मक बदलाव और एकजुटता की भावना भी उत्पन्न होती है।

हमारे समाज में परिवार और रिश्तों का महत्व हमेशा से सर्वोपरि रहा है। ऐसे में, जब युवा जीवनसाथी के चयन के लिए एक सामाजिक और पारिवारिक दृष्टिकोण से विचार करते हैं, तो वे अपने निर्णयों में अधिक समझदारी और जिम्मेदारी दिखाते हैं। युवक-युवति परिचय सम्मेलन इस दिशा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह आयोजन समाज के युवा वर्ग को न केवल एक दूसरे से परिचित कराता है, बल्कि उनके परिवारों के बीच भी आपसी विश्वास और समझ का निर्माण करता है।

इस प्रकार के आयोजनों से समाज में पारंपरिक रीति-रिवाजों का सम्मान करते हुए आधुनिक दृष्टिकोण को भी बढ़ावा मिलता है। यह युवा पीढ़ी को पारिवारिक मूल्यों के साथ-साथ व्यक्तिगत स्वतंत्रता और समझ का भी सम्मान करना सिखाता है। इसके माध्यम से समाज में एकजुटता और सामूहिकता की भावना का प्रसार होता है, जो समाज के प्रत्येक सदस्य को मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक दृष्टिकोण से समृद्ध करता है।

युवक-युवति परिचय सम्मेलन का आयोजन समाज के लिए आर्थिक, सामाजिक और मानसिक रूप से लाभकारी हो सकता है। यह आयोजन पारिवारिक और सामाजिक परंपराओं के साथ-साथ व्यक्तिगत स्वतंत्रता और समझ का सम्मान करता है। इस तरह के आयोजनों से युवा पीढ़ी को एक सुरक्षित और सामूहिक तरीके से जीवनसाथी चुनने का अवसर मिलता है, जो समाज की सामाजिक संरचना को और सशक्त बनाता है। इसके अतिरिक्त, युवक-युवति परिचय सम्मेलन से न केवल रिश्तों का निर्माण होता है, बल्कि इससे समाज में एक सकारात्मक वातावरण भी उत्पन्न होता है, जिसमें लोग एक दूसरे को समझते हैं और सम्मान देते हैं। इस सम्मेलन का आयोजन न केवल युवा पीढ़ी के लिए, बल्कि समग्र समाज के लिए भी लाभकारी साबित हो सकता है, क्योंकि यह रिश्तों की ताकत को समझने और उन्हें मजबूत करने का एक सशक्त तरीका है। अंततः, जब समाज में इस तरह के आयोजनों का प्रचलन बढ़ेगा, तो यह सामाजिक एकता, भाईचारे और सहयोग की भावना को और भी सशक्त करेगा। युवक-युवति परिचय सम्मेलन एक ऐसा मंच है, जो न केवल समाज के भीतर रिश्तों को बेहतर बनाता है, बल्कि इसके माध्यम से आने वाली पीढ़ियाँ भी मजबूत और समझदार निर्णय लेने में सक्षम होंगी। समाज में इस तरह के आयोजनों से न केवल नए रिश्ते बनते हैं, बल्कि यह एक सामाजिक जिम्मेदारी को भी जन्म देता है। ऐसे सम्मेलन पारंपरिक रीति-रिवाजों और आधुनिक दृष्टिकोण का संगम होते हैं, जो दोनों पीढ़ियों के बीच एक सेतु का काम करते हैं। इससे समाज में एकजुटता, भाईचारे और सहयोग की भावना का प्रसार होता है।

# कुंभ मेला : ट्रेनों में 90 दिन की वेटिंग, कोहरे से परेशानी

**◆रायपुर, सोने की कलम।** **उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 2025 में होने वाले महाकुंभ मेला की तैयारियों के चलते, वहां जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों में भारी वेटिंग देखी जा रही है। यात्रियों को अगले तीन महीनों तक कंफर्म बर्थ नहीं मिल रही है। इस स्थिति के कारण, खासतौर पर छत्तीसगढ़ से प्रयागराज जाने वाले यात्री परेशान हैं।**




रेलवे ने सारनाथ एक्सप्रेस को आगामी दो महीने तक कोहरे की वजह से रद्द कर दिया है, जिससे उत्तर प्रदेश और बिहार जाने वाले यात्रियों के लिए यात्रा करना और भी मुश्किल हो गया है। महाकुंभ मेला 1× जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक चलेगा, और इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान करने के लिए प्रयागराज पहुंचेंगे।

कुंभ मेला जाने वाले यात्रियों की अधिकता के कारण, छत्तीसगढ़ से प्रयागराज जाने वाली प्रमुख ट्रेन दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस में भी भारी भीड़ रहती है। इस ट्रेन के अलावा, दुर्ग-नौतनवा और गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस भी यात्रियों की संख्या में वृद्धि से प्रभावित हो रही हैं।

रेलवे ने उत्तर भारत में ठंड और कोहरे के कारण लगभग 77 ट्रेनों को रद्द कर दिया है, जिससे यात्री और भी अधिक समस्याओं का सामना कर रहे हैं। हालांकि, रेलवे ने कुंभ मेला के लिए तीन स्पेशल कुंभ मेला एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन शुरू किया है, जो यात्रियों को कुछ राहत देने का प्रयास करेंगी। इन विशेष ट्रेनों में रायगढ़ से वाराणसी, दुर्ग से वाराणसी और बिलासपुर से वाराणसी जाने वाली कुंभ मेला एक्सप्रेस शामिल हैं, जो विशेष रूप से कुंभ मेले में जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए निर्धारित की गई हैं।

# इंदौर एयरपोर्ट को मिलेगी नई सुविधाएं

## नागरिक उड्डयन मंत्री श्री नायडू नए एटीसी और फायर सेफ्टी भवन का लोकार्पण करेंगे

### सांसद श्री लालवानी ने केन्द्रीय मंत्री श्री नायडू से मुलाकात कर इंदौर एयरपोर्ट के विकास की मांग रखी



**◆इंदौर, सोने की कलम।** इंदौर एयरपोर्ट को नई सुविधाएं मिलने वाली है जिसके बाद हवाई सफर बेहतर और ज्यादा सुरक्षित होगा। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री किंजरापू राममोहन नायडू इंदौर में कई सुविधाओं का लोकार्पण करेंगे। इसमें नया फायर स्टेशन एयर ट्रैफिक कंट्रोल प्रमुख है। केंद्रीय मंत्री श्री नायडू के इंदौर आगमन की संभावित तारीख 22 दिसंबर है। सांसद श्री शंकर लालवानी ने नागरिक उड्डयन मंत्री से मुलाकात कर उन्हें इंदौर आने का न्योता दिया, जिसे केंद्रीय मंत्री श्री नायडू ने स्वीकार किया। साथ ही, सांसद श्री लालवानी ने इंदौर एयरपोर्ट को आगामी 25 सालों को ध्यान में रखकर विकसित करने की योजना भी केंद्रीय मंत्री श्री नायडू से साझा की।

सांसद श्री शंकर लालवानी ने बताया कि उन्होंने नागरिक उड्डयन मंत्री श्री नायडू से इंदौर आने का अनुरोध किया था जिस मंत्री श्री नायडू ने सहर्ष स्वीकार किया है। लगातार विकसित होते इंदौर एवं आगामी सिंहस्थ को ध्यान में रखकर एयरपोर्ट के विकास के लिए एक प्लान भी साझा किया है, जिस पर मंत्री श्री नायडू ने विस्तार से बात को सुना है और इंदौर में हवाई सुविधाएं बढ़ाने का भरोसा दिलाया। इससे पहले सांसद श्री लालवानी ने केंद्रीय मंत्री श्री नायडू से मुलाकात कर नए टर्मिनल भवन, टैक्सी बे बनाने तथा इंदौर एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का दर्जा दिलाने की भी मांग की थी। नागरिक उड्डयन मंत्री मंत्री श्री नायडू के इंदौर प्रवास के दौरान इन विषयों पर भी विस्तार से चर्चा होगी और इंदौर को नई सौगातें मिलने का रास्ता खुल सकता है।

# बैंक से मिला ऋण, रोजगार स्थापित करने में आर्थिक संबल देगा

**◆इंदौर, सोने की कलम।** मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के शुभारंभ अवसर पर राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत जुड़े समूह सदस्यों को रेडीमेड कार्य के लिए 6 लाख 10 हजार रुपये का बैंक ऋण राशि का स्वीकृति पत्र मिला। रेडीमेड कार्य को आगे बढ़ाने के लिए मिले ऋण स्वीकृति पत्र को पाकर समूह सदस्यों के चेहरे पर खुशी छा गई। अपने रोजगार को आगे बढ़ाने के लिए मिली इस मदद को पाकर समूह सदस्यों ने आगे बढ़ने के लिए अपने दृढ़ संकल्प को मजबूत किया। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया।

# मरीमाता से बाणगंगा क्षेत्र में नगर निगम की मुहिम, फुटपाथों से अतिक्रमण हटाया




◆इंदौर, सोने की कलम।

**बाणगंगा क्षेत्र में नगर निगम द्वारा शुरू की गई अतिक्रमण हटाने की मुहिम में बड़ी कार्रवाई की गई है। इस अभियान के तहत मरीमाता से लेकर बाणगंगा नाके तक दोनों पट्टियों पर हुए अवैध कब्जे हटाए गए। विशेष रूप से इन स्थानों पर फुटपाथों पर दुकानदारों और अन्य लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा था, जिससे पैदल यात्री और सड़क पर चलने वाले लोग परेशान हो रहे थे।**

अतिक्रमण हटाने के इस कार्य में एसडीएम की निगरानी में नगर निगम की टीम ने सभी कब्जों को हटाया। यह मुहिम शहर में यातायात की व्यवस्था को सुधारने और सार्वजनिक स्थानों को पुन: मुक्त करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। एसडीएम ने बताया कि यह अभियान लगातार चलता रहेगा, ताकि शहर में अतिक्रमण की समस्या पर काबू पाया जा सके और नागरिकों को फुटपाथों का सही उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। इस मुहिम से सड़क पर चलने वालों के लिए राहत मिल रही है, क्योंकि अब उन्हें फुटपाथों पर चलने में किसी प्रकार की रुकावट नहीं आएगी। नगर निगम अधिकारियों ने यह भी कहा कि भविष्य में इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, और किसी भी व्यक्ति को सार्वजनिक स्थल पर अवैध कब्जा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

इस कार्रवाई से स्थानीय निवासियों ने भी राहत की सांस ली है, क्योंकि अब उन्हें सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से सड़कों पर चलने की सुविधा मिलेगी। नगर निगम के इस कदम को क्षेत्रवासियों द्वारा सराहा जा रहा है, और उम्मीद की जा रही है कि अन्य इलाकों में भी ऐसी मुहिम चलाकर अतिक्रमण की समस्या को समाप्त किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संत श्री सियाराम बाबा को दी श्रद्धांजलि



**भट्टयान में सियाराम बाबा का समाधि स्थल, नर्मदा नदी का घाट और धार्मिक पर्यटन स्थल बनाया जाएगा**

◆**इंदौर, सोने की कलम।**

निमाड़ के निर्गुणी संत श्री सियाराम बाबा का आज 11 दिसंबर को सुबह मां नर्मदा के किनारे स्थित ग्राम भट्टयान स्थित आश्रम में निधन हो गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भट्टयान आश्रम पहुंचकर सियाराम बाबा के चरणों में माथा टेका और बाबा की पार्थिव देह के डोले पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस पावन भूमि पर बाबा का समाधि स्थल बनाया जाएगा। भट्टयान में नर्मदा नदी का घाट बनाया जाएगा और भट्टयान को धार्मिक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि माँ नर्मदा के साधक संत श्री सियाराम बाबा कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर खरगोन जिला प्रशासन ने बाबा के उपचार की सभी व्यवस्था की थी। बाबा की इच्छा के अनुरूप भट्टयान आश्रम में ही चिकित्सकों की टीम बाबा के स्वास्थ्य पर नजर रखे हुए थी। वयोवृद्ध संत श्री सियाराम बाबा की आयु 100 साल से अधिक बताई जाती है। बाबा के निधन का समाचार मिलते ही भक्तजन सुबह से ही बड़ी संख्या में बाबा के अंतिम दर्शन के लिए भट्टयान आश्रम पहुंचने लगे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के भ्रमण के दौरान क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## कब्जे हटाने के लिए नहीं मिल रहा पुलिस बल

**इंदौर। नगर निगम और प्रशासन द्वारा शहर की सडकों से कब्जे हटाने की मुहिम शुरू की गई है, लेकिन अब कार्रवाई के लिए पुलिस बल नहीं मिल रहा है, जिसके चलते कल राजेंद्र नगर में कार्रवाई के दौरान एक अधिकारी के साथ कब्जेधारियों ने झूमाझटकी की और मारपीट का प्रयास भी किया।**

शहर के सभी प्रमुख मार्गों पर पिछले कई दिनों से नगर निगम और जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा कब्जेधारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए स्पॉट फाइन से लेकर वाहन जब्त करने की कार्रवाई की जा रही है। अब इस मुहिम को झोन स्तर पर भी शुरू कराया गया है, ताकि बाजारों में यातायात की सुगमता बेहतर हो सके। कल निगम की टीमों ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ राजेंद्रनगर और महालक्ष्मी नगर में कार्रवाई का बड़ा अभियान चलाया था। इस दौरान 80 से ज्यादा दुकानों के शेड तोडने के साथ बाहर रखा गया सामान जब्त कर लिया गया था। राजेंद्र नगर में कब्जे हटाने की कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने निगम अधिकारी राहुल रघुवंशी के साथ अभद्रता करते हुए झूमाझटकी की। इस दौरान निगम के रिमूवल कर्मचारियों ने जैसे-तैसे मामला शांत कराया। अधिकारियों का कहना है कि कुछ दिनों से कार्रवाई के दौरान पर्याप्त पुलिस बल नहीं मिलने के कारण ऐसी स्थिति बन रही है। इस मामले में उन्होंने एसडीएम और अन्य अधिकारियों को भी पर्याप्त पुलिस बल कार्रवाई के दौरान उपलब्ध कराने को कहा।

## नए पैन कार्ड के नाम पर ठगी शुरू, लोगों को आ रहे मैसेज

◆**इंदौर, सोने की कलम।**

सरकार ने 2.0 के तहत अब नए पैन कार्ड जारी करने की घोषणा की है। इसके बाद ठगों ने भी लोगों को अपने जाल में फंसाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। हालांकि अभी इंदौर में इस तरह की ठगी का कोई मामला पुलिस के पास नहीं पहुंचा है, लेकिन कई लोगों को ठगों ने ऐसे मैसेज भेजना शुरू कर दिए हैं। साइबर ठग लोगों को अपने जाल में फंसाने के लिए नए-नए तरीके अपनाते रहते हैं। बिजली का कनेक्शन काटने, गैस कनेक्शन काटने के नाम पर शहर में लोगों के साथ 50 से अधिक वारदातें हो चुकी हैं। इसके अलावा ठग बैंक खाता ब्लॉक होने के नाम पर भी सैकड़ों लोगों को ठगी का शिकार बना चुके हैं।

सरकारी योजनाओं के नाम पर भी ठगी के कई मामले सामने आ चुके हैं। कुछ दिन पहले सरकार ने नए पैन कार्ड जारी करने की योजना 2.0 शुरू की है। इसका भी ठगों ने जालसाजी के लिए उपयोग करना शुरू कर दिया है। शहर में कई लोगों को ठगों ने मैसेज भेजे हैं कि वर्तमान पैन कार्ड ब्लॉक कर दिया गया है।

नए कार्ड के लिए नीचे दी गई लिंक पर क्लिक करें, ताकि लोग लिंक पर क्लिक करें और उनके मोबाइल का एक्सिस ठगों के पास चला जाए और वे उनका खाता साफ कर सकें। हालांकि अभी तक इंदौर पुलिस के पास इस तरह की ठगी की कोई शिकायत नहीं पहुंची है, लेकिन शहर में ऐसे मैसेज कई लोगों को आ रहे हैं। जागरूकता के चलते जहां लोग ठगी का शिकार होने से बच रहे हैं तो खुद के ग्रुप पर ऐसे मैसेज से लोगों को सावधान भी कर रहे हैं।

# शोर पर लगाम

## महिला टीआई ने रोड रोलर से नष्ट किए एक हजार मोडिफाइड साइलेंसर

**◆इंदौर, सोने की कलम। शहर में यातायात पुलिस ने तेज आवाज करने वाले मोडिफाइड साइलेंसर के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पिछले कुछ महीनों से इन साइलेंसरों पर लगातार शिकंजा कसते हुए अब तक दो हजार से अधिक साइलेंसर जब्त किए जा चुके हैं। बुधवार को इंदौर यातायात प्रबंधन ने होलकर कॉलेज के पास सर्विस रोड पर एक अनोखी कार्रवाई की, जहां महिला टीआई ने खुद रोड रोलर चलाकर एक हजार मोडिफाइड साइलेंसर नष्ट किए।**

इन मोडिफाइड साइलेंसरों से वाहनों में पटाखों जैसी तेज आवाजें निकलती हैं, जो आसपास के लोगों, खासकर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के लिए परेशानी का कारण बनती हैं। कई बार इन आवाजों के कारण दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। यातायात प्रबंधन के एडीसीपी




अरविंद तिवारी ने बताया कि बुलेट जैसी दोपहिया वाहनों में इन साइलेंसरों को लगाकर चालक तेज आवाज करते हैं, जिससे सड़क पर आवाज़ की अशांति फैलती है।

अब तक 2,143 साइलेंसर जब्त किए जा चुके हैं। इस महीने के पहले हफ्ते में 350 साइलेंसर जब्त किए गए थे और बुधवार को एक साथ एक हजार साइलेंसर को नष्ट किया गया। इस कार्रवाई के दौरान अन्य वाहन चालकों से भी जुर्माना वसूला गया है।

हालांकि, आटो पार्ट्स की दुकानों पर यह साइलेंसर बिना किसी रोक-टोक के बिक रहे हैं, जिन्हें 2,000 से 12,000 रुपये तक की कीमत पर बेचा जा रहा है। प्रशासन ने इन दुकानों के खिलाफ कार्रवाई करने की योजना बनाई है और इन दुकानों की सूची तैयार की जा रही है।

इंदौर यातायात पुलिस अब इन साइलेंसरों के खिलाफ अपनी सख्ती जारी रखने का संकल्प ले रही है।

# ठंड से राहत के लिए स्कूलों का समय बदला, कड़ाके की ठंड बनी रही

**◆इंदौर, सोने की कलम। उत्तर भारत में बर्फबारी के असर से इंदौर में कड़ाके की ठंड पड़ रही है, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने स्कूलों के समय में बदलाव किया है। प्रभारी कलेक्टर शिवम शर्मा ने बुधवार को आदेश जारी किया, जिसमें नर्सरी से कक्षा आठवीं तक की कक्षाओं का संचालन अब सुबह 9 बजे से होगा, पहले यह कक्षाएं सुबह 8 बजे से शुरू होती थीं।**

तेज ठंड और बर्फीली हवाओं के कारण बच्चों को सर्दी से बचाने के लिए यह कदम उठाया गया है। पिछले तीन दिनों से न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है, और बुधवार को भी सुबह का तापमान काफी कम था। हालांकि, दिन में 2.4 डिग्री सेल्सियस का तापमान बढ़ने से थोड़ी राहत मिली, लेकिन ठंड अभी भी बनी हुई है।



मौसम विभाग के अनुसार, ठंड का यह दौर अगले पांच से छह दिन और जारी रहेगा, क्योंकि पश्चिमी विक्षोभ और हवा के पैटर्न में बदलाव की वजह से यह ठंड बढ़ी है। बुधवार सुबह घना कोहरा छाया था, जिसकी वजह से दृश्यता 3000 मीटर तक घट गई थी। धूप निकलने के बाद दृश्यता में सुधार हुआ और 10 बजे तक यह 6000 मीटर तक पहुंच गई। इस बदलाव से बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को कम करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि उन्हें ठंड से बचाया जा सके।

# खजराना गणेश मंदिर की दान पेटियों से निकले सोने-चांदी के जेवर विदेशी मुद्रा और 75 लाख रुपये

**◆इंदौर, सोने की कलम। खजराना गणेश मंदिर, जो देश-विदेश में प्रसिद्ध है, की दान पेटियों से मिली रकम का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। तीसरे दिन की गिनती में 22 लाख रुपये और प्राप्त हुए, जिससे अब तक कुल 75 लाख 88 हजार रुपये की राशि निकल चुकी है। इसके अलावा, विदेशी मुद्रा के साथ भक्तों द्वारा सोने-चांदी के आभूषण और मन की बात लिखे गए पत्र भी दान पेटियों से मिले हैं।**

गिनती की प्रक्रिया 9 दिसंबर से शुरू हुई थी, जिसमें पहले दिन 43 लाख 88 हजार, दूसरे दिन 10 लाख और तीसरे दिन 22 लाख रुपये प्राप्त हुए। गिनती अभी जारी है, और अनुमान है कि यह अगले



कुछ दिन और चलेगी। प्राप्त राशि को मंदिर के पंजाब नेशनल बैंक के खाते में सुरक्षा के साथ जमा किया जा रहा है। मंदिर परिसर में 43 दान पेटियां विभिन्न स्थानों पर रखी गई हैं, जिनकी गिनती प्रबंध समिति, बैंक कर्मी और नगर निगम कर्मचारियों द्वारा की जा रही है। गिनती की प्रक्रिया कैमरों की निगरानी में की जा रही है ताकि हर कदम पारदर्शी और सुरक्षित रहे। तीन से चार माह में दान पेटियों की गिनती की जाती है, और इसके बाद उन्हें फिर से उनके निर्धारित स्थानों पर रख दिया जाता है।

# नाइट पेट्रोलिंग की निगरानी

## जीपीएस से पुलिसकर्मियों की गश्त पर होगी कड़ी नजर

**◆इंदौर, सोने की कलम। शहर में रात्रि गश्त के दौरान पुलिसकर्मियों की निगरानी को और कड़ा किया गया है। पुलिस आयुक्त ने सभी थानों के चार पहिया वाहनों पर ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) लगाने के निर्देश दिए हैं, ताकि गश्त करने वाले पुलिसकर्मियों की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। जोन-2 में इस प्रणाली का ट्रायल शुरू कर दिया गया है, और इसके माध्यम से पुलिस अधिकारियों को वाहन की लोकेशन, गश्त की दूरी और समय का पूरा विवरण मिलेगा।**

डीसीपी जोन-2, अभिनय विश्वकर्मा ने बताया कि जीपीएस का उद्देश्य गश्त को अधिक प्रभावी



बनाना है। कई बार पुलिसकर्मी गश्त करने का दावा तो करते हैं, लेकिन असल में वे अपनी गाड़ी में घंटों तक एक ही स्थान पर खड़े रहते हैं। जीपीएस से अधिकारियों को यह आसानी से पता चल सकेगा कि गश्त करने वाला पुलिसकर्मी कहां-कहां गया और कितने समय तक अपनी गाड़ी चलाई।

इस ट्रायल में छह वाहनों पर जीपीएस सिस्टम का प्रयोग शुरू किया गया है, और डेशबोर्ड पर वाहन की लोकेशन चेक की जा रही है। इसके अलावा, पुलिसकर्मियों की गतिविधियों की जांच के लिए पहले से एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) से निगरानी रखी जा रही है, जिससे रात्रि गश्त के दौरान उनकी लोकेशन और तस्वीरों की जानकारी ली जाती है।

इस नई प्रणाली से पुलिसकर्मियों की गश्त पर पूरी पारदर्शिता आएगी और यदि कोई पुलिसकर्मी गलत जानकारी देता है या गश्त में लापरवाही करता है, तो उसे चिह्नित किया जा सकेगा। इस कदम से पुलिस प्रशासन ने गश्त को और भी प्रभावी और उत्तरदायी बनाने का प्रयास किया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक चेतन गन्धे के लिए चेतन ग्राफिक्स, 135, नगर निगम मार्केट, सुभाष मार्ग, वीआईपी स्टेशनरी के सामने, इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं 109, बाणगंगा मेनरोड, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक: चेतन गन्धे, मो. : 9893157809 Email : sonekikalam@gmail.com (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।)